
## डिकंट्रोल के बाद चीनी स्थिर

सरकार ने कहा है कि चीनी उद्योग को डिकंट्रोल किए जाने के बाद खुले बाजार में इसके दाम स्थिर बने हुए हैं। सरकार ने डिकंट्रोल के तहत मिलों से लेवी चीनी सस्ते दामों पर खरीदने और निश्चित अवधि का बिक्री कोटा तय करने की व्यवस्था खत्म कर दी थी। खाद्य मंत्री के. वी. थॉमस ने कहा कि सरकार ने अप्रैल 2013 में चीनी उद्योग को डिकंट्रोल किया था।

# डिकंट्रोल के बाद भी चीनी के मूल्य स्थिर : थॉमस

## चालू सीजन में चीनी का उत्पादन घरेलू खपत से ज्यादा रहने का अनुमान

प्रेट्र ◆ नई दिल्ली



**सरकार** ने कहा है कि चीनी उद्योग को डिकंट्रोल किए जाने के बाद खुले बाजार में इसके दाम स्थिर बने हुए हैं। सरकार ने डिकंट्रोल के तहत मिलों से लेवी चीनी सस्ते दामों पर खरीदने और निश्चित अवधि का बिक्री कोटा तय करने की व्यवस्था खत्म कर दी थी।

खाद्य मंत्री के. वी. थॉमस ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार ने अप्रैल 2013 में चीनी उद्योग को डिकंट्रोल किया था। इसके बाद से भाव स्थिर बने हुए हैं। मिलों को खुले बाजार में चीनी बेचने की पूरी आजादी दे गई है। इसके अलावा सस्ते दामों पर सरकार को लेवी चीनी बेचने की बाध्यता से भी मुक्त किया गया है। सरकार सस्ती चीनी राशन की दुकानों के जरिये गरीब उपभोक्ताओं को वितरित करती थी। चीनी उद्योग डिकंट्रोल के लिए लंबे अरसे से मांग उठा रहा था। सरकार ने डिकंट्रोल से पहले चीनी के वितरण में उदार नीति अपना पहले ही शुरू कर दिया था।

थॉमस ने कहा कि अगले सितंबर में समाप्त हो रहे मौजूदा मार्केटिंग वर्ष 2012-13 के दौरान देश में 248 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की संभावना है। जबकि देश में खपत करीब 230 लाख टन रह सकती है। सरकार ने चीनी पर आयात शुल्क काफी निचले स्तर पर तय कर रखी है। इस समय चीनी पर आयात शुल्क 15 फीसदी है। घरेलू बाजार में विदेशी की सस्ती चीनी का आयात बढ़ने पर उद्योग ने शुल्क बढ़ाने की मांग की थी, ताकि घरेलू बाजार में चीनी के मूल्य की गिरावट रोकी जा सके। इस पर सरकार ने आयात शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी किया था।

उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में चीनी के दाम स्थिर बने हुए हैं। पिछले एक साल के दौरान कभी भी असामान्य रूप से तेजी दर्ज नहीं की गई। दिल्ली में चीनी के फुटकर दाम करीब 35-40 रुपये प्रति किलो चल रहे हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। उत्पादन के मामले में भारत दूसरे नंबर पर आता है।

Business Bhaskar (Hindi)
24-8-13